**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) भोगनीपुर कानपुर देहात।**

**वाद सं०-04/70/2010**

**राजरानी आदि बनाम राम सनेही आदि।**

दिनाँकः 12/09/2022

**<u>निस्तारण प्रार्थना पत्र कागज सं० 45 क 2</u>**

पत्रावली पेश हुयी। पुकार करायी गयी। पुकार पर वादी मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। विद्वान अधिवक्ता वादी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रपत्र सं **45 क 2** इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि उक्त वाद में नासिर प्रतिवादी संख्या-02 सुखदेई की मृत्यु दिनांक 22.03.2016 को हो गयी है। चूंकि वाद का कारण बना हुआ है। मृतक के वारिस कायम होने जरुरी है। अतः प्रार्थना है कि प्रार्थना पत्र कायमी वारिसान को स्वीकार कर प्रतिस्थापन करने के आदेश पारित करने की कृपा करें।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया। मामले में सम्यक न्याय एवं मामले के गुण-दोष के आधार पर पूर्ण निस्तारण हेतु प्रा० पत्र सं० **45 क 2** न्याय के वृहदतर हित में स्वीकार किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रार्थना पत्र कागज सं० **45 क 2** स्वीकार किया जाता है। प्रार्थी वांछित संशोधन अन्दर सप्ताह करें। संशोधन उपरान्त प्रार्थी विधिक वारिसान पर उभय प्रकार से पैरवी अविलम्ब करे। पत्रावली वास्ते अतिरिक्त जवाब दावा दिनांक 13.10.2022 को पेश हो।

राशि तोमर
सिविल जज (जू०डि०)/न्यायिक मजिस्ट्रेट
भोगनीपुर, कानपुर देहात।
ID NO. UP2540